शैक्षणिक गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखें संस्थान

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने जीआरडी इंस्टीट्यूट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में छात्रों से संवाद किया। सोमवार को जीआरडी इंस्टीट्यूट पहुंचे कुलपति ने कक्षाओं, उपस्थिति पंजिका आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छात्रों की उपस्थिति का रिकार्ड यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड किया जाना चाहिए। साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार को लेकर कतई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।